Hindi | हिन्दी

हिंसामुक्त सप्ताह अभियान
16-22 अक्तूबर 2023

हिंसामुक्त सप्ताह महिलाओं के प्रति हिंसा को समाप्त करने का एक वैश्विक अभियान है। हरेक साल मेलबर्न के उत्तरी महानगरीय क्षेत्र में समुदाय के सदस्य और संगठन पारिवारिक हिंसा के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हिंसामुक्त सप्ताह अभियान में भाग लेते हैं।

हिंसामुक्त सप्ताह को चिह्नित करने के लिए लोग टी-शर्टों में चित्र बनाकर या पेंटिंग करके और उन्हें वर्चुअल या वास्तविक कपड़े टांगने की डोरी पर प्रदर्शित करते हैं। इसकी अवधारणा सरल है: प्रत्येक प्रतिभागी एक टी-शर्ट पर पारिवारिक हिंसा के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है। यहाँ डाउनलोड करने के लिए एक पेपर टी-शर्ट है।

हिंसामुक्त सप्ताह अभियान में शामिल हों

इस वर्ष का विषय है 'सुनें, **विश्वास करें**, संपर्क करें: ऐसे संगठनों और लोगों से संपर्क करें, जो मदद कर सकते हैं।'

- पीड़ित उत्तरजीवियों को ध्यान से सुनें क्योंकि वे अपने संसार को सबसे अच्छी तरह से जानते हैं
- जब पीड़ित उत्तरजीवी अपने अनुभव साझा करते हैं, तो उनपर विश्वास करें
- ऐसी सेवाओं का सुझाव दें, जो मदद कर सकती हैं और समझा सकती हैं कि वे क्या करती हैं।

सोशल मीडिया पर अपनी टी-शर्ट के साथ साझा करने के लिए संदेश

- यह हिंसामुक्त सप्ताह है। हम साथ-मिलकर पारिवारिक हिंसा को समाप्त कर सकते हैं।
- हिंसामुक्त सप्ताह अभियान में शामिल हों और सुनिश्चित करें कि पीड़ित उत्तरजीवियों को सुना जाता है, उनपर विश्वास किया जाता है और उन्हें ऐसी सेवाओं के लिए संदर्भित किया जाता है, जो मदद कर सकती हैं।
- मैं हिंसामुक्त सप्ताह अभियान में शामिल हो गया/गई हूँ। सभी लोग सुरक्षित और सम्मानित महसूस करने के हकदार हैं।
- हिंसामुक्त सप्ताह के दौरान यह ऐसे लोगों को सुनने, उनपर विश्वास करने और उनका संपर्क कराने के लिए एक याद दिलाने वाला संदेश है, जो अपने पारिवारिक हिंसा के अनुभव के बारे में बात करते हैं।
- यदि आपको या आपके किसी परिचित को पारिवारिक हिंसा का अनुभव हो रहा है, तो सहायता उपलब्ध है। सेफ स्टेप्स से 1800 015 188 पर 24/7 संपर्क करें। यदि आप तत्काल खतरे में हैं, तो 000 पर कॉल करें।

जब आप इन संदेशों को सोशल मीडिया (जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर) पर साझा करते/करती हैं, तो इस हैशटैग को जोड़ें: #WWV2023 और इसे यहाँ लिंक करे: www.nifvs.org.au/event-directory/week-without-violence/

सहायता उपलब्ध है

मदद कर सकने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें: https://www.nifvs.org.au/resources/nifvs-family-violence-resources/family-violence-posters/